संक्षिप्त

गोठड़ा को ग्राम पंचायत बनाने की मांग

बौंली-बामनवास। ग्राम गोठड़ा के ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर सवाई माधोपुर शुभम चौधरी को एक हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन सौंप कर ग्राम गोठड़ा को ग्राम पंचायत मुख्यालय बनाने की मांग की है। मांगपत्र में अंकित किया गया है कि ग्राम गोठड़ा राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार नवीन पुन, सीमांकन में सभी शर्तें पूरी करता है। ग्राम गोठड़ा में अलग से पटवार मंडल सृजित है व जनसंख्या भी करीब 2200सो के लगभग है, ग्राम गोल की राजस्व सीमा व पटवार मंडल गोठड़ा से मात्र 500सो मीटर की दूरी पर है दोनों गांव का एक ही पटवार मंडल है गोल गांव की वर्तमान जनसंख्या करीब 900सो के लगभग है। ग्राम मदर खुर्द पूर्व में ग्राम पंचायत कुशलपुरा में है जो पंचायत मुख्यालय से करीब 8 किलोमीटर की दूरी पर है इस गांव की जनसंख्या करीब 700सो है। ग्राम मैदार खुर्द की राजस्व क्षेत्र ग्राम गोठड़ा के ही काश्तकार खेती व निवास करते हैं। ज्ञापन देते समय ग्रामीण शिवचरण, प्यारसिंह रामजीलाल, छौलूलाल, लक्ष्मण व मानसिंह गुर्जर सहित अन्य लोग उपस्थित थे एवं अनेको ग्रामीण के ज्ञापन में हस्ताक्षर थे।

श्री श्याम मंदिर में धार्मिक आयोजन

नारायणपुर । कस्बे के श्री श्याम मंदिर परिसर में समस्त ग्रामवासी की ओर से विश्वकर्मा भगवान के भवन का लोकार्पण, मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा, कलश यात्रा, भंडारा एवं श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ 5 फरवरी को सुबह 8:15 बजे पीर संज्यानाथ आसण से श्री श्याम मंदिर तक कलश यात्रा के साथ होगा। इस दौरान कथावाचक अभिषेक वशिष्ठ महाराज के श्रीमुख से प्रतिदिन दोपहर 12:15 से 3:15 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कराया जाएगा। 10 फरवरी को विश्वकर्मा भगवान के भवन लोकार्पण एवं मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया जाएगा। वहीं, 11 फरवरी को भागवत कथा के समापन के अवसर पर भंडारा आयोजित होगा, जिसमें आसपास के श्रद्धालु पंगत प्रसादी ग्रहण करेंगे। इस भव्य आयोजन में मुख्य अतिथि बानसूर विधायक देवीसिंह शेखावत, थानागाजी प्रधान जयप्रकाश प्रधान, विशिष्ट अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष मन्नी देवी तथा कार्यक्रम अध्यक्ष मंदिर महंत मुन्नादास महाराज रहेंगे।

हरिराम को डॉक्टरेट की उपाधि

कोटपूतली। स्थानीय राजकीय एल.बी.एस. पी.जी. महाविद्यालय के रसायन शास्त्र विभाग में सहायक आचार्य के पद पर कार्यरत हरिराम धनेटिया को डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त हुई है। प्राचार्य प्रो. आर. के. सिंह ने बताया कि डॉ. धनेटिया ने अपना शोध कार्य नैनो. मटेरियल्स के गैर पारंपरिक पर्यावरण हितैषी संश्लेषण एवं उनके संभावित औद्योगिक अनुप्रयोग विषय पर राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर के रसायन शास्त्र विभाग से पूर्ण किया हैं। डॉ. धनेटिया ने कृषि क्षेत्र में प्रयुक्त हानिकारक रसायनों के मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण पर पडने वाले दुष्प्रभावों को समाप्त करने पर उल्लेखनीय कार्य किया है। उनका यह शोध कार्य जैविक व प्राकृतिक कृषि के क्षेत्र में क्रांतिकारी नवाचार साबित होगा। महाविद्यालय परिवार ने डॉ. धनेटिया को उनकी इस उपलब्धि पर बधाईयाँ व उनके उज्जवल भविष्य के लिये शुभकामनाएं प्रेषित की।

मुकेश बने नवयुवक मंडल अध्यक्ष

मालपुरा। देवनारायण नवयुवक मंडल सदरपुरा के वार्षिक चुनाव शनिवार को सम्पन्न हुये। मौजूद युवाओं ने मुकेश चाड को सर्वसम्मति से नवयुवक मंडल अध्यक्ष चुना। नवीन अध्यक्ष ने अपनी कार्यकारिणी की घौषणा करते हुये हनुमान तंवर को कोषाध्यक्ष,शंकर घरड, को उपाध्यक्ष, जितेन्द्र गुर्जर को महासचिव,भगवान चाड को सचिव व धनरूप गुर्जर को व्यवस्थापक नियुक्त किया।

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

'युवा पीढ़ी को सही मार्ग दिखाने के लिये पूर्वजों का स्मरण आवश्यक'

कोटपूतली। कस्बे के राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविधालय के खेल मैदान पर स्वस्थ युवा, स्वस्थ कोटपूतली अभियान के तहत रन फॉर हैल्थ नारे के साथ 17 से 23 आयु वर्ग के युवक-युवतियों की विशाल मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दो बार कोटपूतली के विधायक रहे स्व. श्रीराम रावत की 17 वीं पुण्यतिथि पर शनिवार को श्री देवनारायण गुर्जर समाज कल्याण समिति, कोटपूतली के तत्वाधान में आयोजित प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुये निकटवर्ती राज्य हरियाणा के नांगल चौधरी से विधायक मंजू चौधरी ने स्व. रावत के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्जवलन करके किया। वहीं विधायक प्रतिनिधि राधा देवी पटेल ने हरी झण्डी दिखाकर प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। दौड़ प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में युवक-युवतियों ने अपार जोश, हर्ष व उत्साह के साथ भाग लिया।

इस मौके पर आयोजित समारोह को सम्बोधित करते हुये मुख्य अतिथि चौधरी ने कहा कि वर्तमान समय में युवा पीढ़ी को सही मार्ग दिखाने की आवश्यकता है। इसके लिये जरूरी है कि उन्हें दिवंगत हो चुके कर्मयोगी महापुरूषों के जीवन व सिद्धांतों से जोड़ा जायें।

कार्यक्रम को सम्बोधित करती नांगल चौधरी विधायक मंजू चौधरी।

स्व. रावत ने अपने जीवनकाल में किसान व बेरोजगारों के हितों को प्राथमिकता दी। उन्हें पगड़ी वाले बाबा का नाम तत्कालीन प्रधानमंत्री इन्दिरा गाँधी द्वारा दिया गया था। उल्लेखनीय है कि पूर्व विधायक स्व. श्रीराम रावत अपने जीवन काल के दौरान किसान वर्ग में शिक्षा के प्रचार-प्रसार, कुरीतियों को दूर करने व बेरोजगारों को रोजगार दिलाने के लिये प्रयासरत रहे थे। समिति की ओर से कोटपूतली में अलग-अलग सडकों का नाम पूर्व विधायक स्व. श्रीराम रावत एवं पूर्व विधायक स्व. रामकरण सिंह कसाना के नाम पर किये जाने की मांग करते हुये इस बाबत एक ज्ञापन विधायक प्रतिनिधि राधा देवी पटेल को सौंपा।

इस मौके पर समारोह को सम्बोधित करते हुये पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना, भाजपा नेता शंकर लाल कसाना, पीसीसी महासचिव देव कसाना, कांग्रेस नेता मालीराम कम्पाउंडर, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष सांवत गुर्जर व महेन्द्र गुर्जर, युवा कांग्रेस के पूर्व विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष राकेश रावत व मुकेश कसाना, युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव प्रदीप कसाना व तारा पूतली आदि ने भी कार्यक्रम आयोजकों व प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुये महान व्यक्तित्व को याद किये जाने की सराहना की। इस दौरान करण पटेल, सरपंच संघ के पूर्व अध्यक्ष पुष्कर मल रावत, सरपंच

- 17 से 23 आयु वर्ग के युवक-युवतियों की दौड़ प्रतियोगिता हुई आयोजित

विक्रम छावड़ी, सरपंच मालाराम गुर्जर, पूर्व सरपंच संतोष गुर्जर, सरपंच देवेन्द्र गुर्जर, पूर्व सरपंच राजेन्द्र जांगल, मौजीराम गुर्जर, इन्द्राज म्हासी, पार्षद मुखिया पायला, एड. महेन्द्र रावत, एड. दयाराम खटाना, बीसीएमओ डॉ. पूरण चंद गुर्जर, इंजी. विक्रम कसाना, प्रो. जगराम गुर्जर, इन्द्राज कसाना, विक्रम रावत आदि मौजूद रहे।

दौड़ प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका कमलेश फौजी के द्वारा निभाई गई। उन्होंने बताया कि युवतियों की 400 मीटर व युवकों की 1600 मीटर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इनमें युवकों में प्रथम स्थान पर ग्राम नांगड़ीवास निवासी सतीश पुत्र बख्तावरमल गुर्जर, द्वितीय स्थान पर बावड़ी निवासी अभिषेक पुत्र रामनिवास यादव व तृतीय स्थान पर बबेड़ी निवासी कंवर सिंह पुत्र सुरेश कुमार व ग्राम बाला का नांगल निवासी पंकज पुत्र मनोहर लाल गुर्जर संयुक्त रूप से रहे।

छात्र-छात्राओं ने दी रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति

कोटपूतली। कस्बे के निकटवर्ती पनियाला मोड़ स्थित दिल्ली पब्लिक वर्ल्ड स्कूल में सत्र 2024-25 में बोर्ड कक्षा में भाग लेने वाले कक्षा 12 वीं के विद्यार्थियों को विद्यालय के जूनियर विद्यार्थियों की तरफ से फेयरवेल पार्टी दी गई। जिसमें कक्षा 12 के सभी विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का प्रारंभ विद्यालय प्रांगण में हवन के साथ किया गया। जिसमें पं. अनिल शर्मा व केशव शर्मा द्वारा यज्ञ किया गया। जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं सहित शिक्षकों ने आहुति दी।

इस मौके पर प्रधानाचार्य बिंदु सांगवान ने कहा कि हमें अपनी जिंदगी को संवारने के लिए वक्त मिलता है, लेकिन वक्त को संवारने के लिए जिंदगी दोबारा नहीं मिलती है। इसलिए जहां भी जाएं वहां अपने परिश्रम एवं जीवन मूल्यों के साथ ऊंचाइयां हासिल करें। उन्होंने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप अच्छे से पढ़ाई करके अपना भविष्य बनाएं। फेयरवेल पार्टी में छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी। संचालन छात्रा प्रिया ने किया।

कलक्टर ने परीक्षा केंद्रों की तैयारियों का जायजा लिया

अलवर। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने 2 फरवरी को जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होने वाली राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी (प्रारंभिक) परीक्षा 2024 का के परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

जिला कलक्टर ने स्कीम नं. 8 स्थित बाल भारती स्कूल के परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि अलर्ट मोड पर रहकर परीक्षा का सफल क्रियान्वयन करावे। उन्होंने निर्देश दिये कि परीक्षा के दौरान राजस्थान लोक सेवा आयोग अजमेर के निर्देशों की सख्ती से पालना सुनिश्चित करावे। परीक्षा से संबंधित कोई भी समस्या होने पर तुरन्त कंट्रोल रूम से सम्पर्क करें। उन्होंने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिये कि परीक्षा केंद्रों पर पुलिस के जवानों की पर्याप्त व्यवस्था रहे।

- कलक्टर ने निर्देश दिये अलर्ट मोड पर रहकर परीक्षा का सफल क्रियान्वयन करावें व परीक्षा के दौरान राजस्थान लोक सेवा आयोग अजमेर के निर्देशों की सख्ती से पालना सुनिश्चित करावे

अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर बीना महावर ने बताया कि 2 फरवरी को राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी (प्रारंभिक) परीक्षा 2024 अलवर जिला मुख्यालय एवं उपखण्ड अलवर, मालाखेडा एवं रामगढ के कुल 93 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्रों में 27 राजकीय परीक्षा केंद्र तथा 66 निजी परीक्षा केंद्र हैं जिनमें कुल 28056 परीक्षार्थियों के लिए बैठक व्यवस्था है जिसमें अलवर शहर में 64 परीक्षा केंद्रों पर 19 हजार 608 परीक्षार्थी, उपखण्ड अलवर में 13 परीक्षा केंद्रों पर 3 हजार 960 परीक्षार्थी, उपखण्ड मालाखेडा में 10 परीक्षा केंद्रों पर 2 हजार 784 परीक्षार्थी एवं उपखण्ड रामगढ में 6 परीक्षा केंद्रों पर 1704 परीक्षार्थियों की बैठक व्यवस्था है। उन्होंने बताया कि परीक्षा हेतु 16 सर्तकता दल गठित किए गए है। परीक्षा नियंत्रण कक्ष मिनी सचिवालय स्थित अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर कार्यालय के कमरा नं. 122 में बनाया गया है जो 2 फरवरी 2025 तक परीक्षा समाप्ति तक चलेगा, जिसके दूरभाष नं. 0144-2345077 हैं।

जिला कलक्टर के निर्देशन पर एडीएम शहर बीना महावर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय तेजपाल सिंह ने परीक्षा केंद्रों का सघन निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बस स्टैण्ड पहुंचकर बसों की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

नवनिर्मित भवन का किया अवलोकन

निवाई। केरोद मोड पर स्थित कृषि महाविद्यालय के निर्माणाधीन भवन का विधायक रामसहाय वर्मा ने अवलोकन करके आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. रामस्वरूप मीणा ने बताया कि विधायक रामसहाय वर्मा ने कृषि महाविद्यालय के निर्माणाधीन भवन का अवलोकन करते हुए भवन के निर्माण की गुणवत्ता की जानकारी ली व भवन का गुणवत्ता पूर्ण निर्माण कार्य करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के नियमानुसार नवसृजित कृषि महाविद्यालय के लिए 30 हेक्टेयर या इससे अधिक भूमि की आवश्यकता होती है। झिलाय रोड पर कृषि महाविद्यालय के लिए 20 बीघा भूमि को उपखंड प्रशासन ने चिह्नित किया है। उन्होंने बताया कि कृषि महाविद्यालय के कृषि अनुसंधान फार्म हरिपुरा में लगभग 8 हेक्टर कृषि भूमि है। जिस पर वर्तमान में कृषि कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कृषि महाविद्यालय भवन के साथ साथ बालिका छात्रावास, ब्वॉय छात्रावास, अनुसंधान केंद्र व कृषि वैज्ञानिक प्रयोगशाला सहित कृषि पर विभिन्न रिर्सच सेंटर संचालित होंगे।

आयुष्मान आरोग्य फॉलोअप शिविर में 837 रोगी लाभान्वित

पावटा। कस्बे के उपजिला अस्पताल में शुक्रवार को उपजिला अस्पताल पावटा में प्रमुख चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. देवेंद्र शर्मा व खंड मुख्य अधिकारी प्रभारी डॉ. सुनील मीणा के सन्निध्य में मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य फॉलोअप शिविर लगाया गया। इसमें 835 मरीजों जिसमें 439 पुरुष व 396 महिलाओ ने विशेषज्ञ चिकित्सकों से स्वास्थ्य जांच करवाकर रोगोपचार का मुफ्त परामर्श एवं दवा ली। शिविर में 14 गर्भवती महिलाओं की जांच की।

35 मरीजों की डायबिटीज के लिए शुगर व उनके उच्च रक्तचाप के लिए ब्लड प्रेशर की जांच की गई। शिविर में आयुष पद्धित से 55 मरीजो की जांच में इलाज किया गया।शिविर के दौरान 835 मरीजों को निशुल्क दवा वितरण किया गया। इस दौरान संस्था प्रभारी डॉ. देवेंद्र कुमार शर्मा सहित अन्य

मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य फॉलोअप शिविर लगाया।

चिकित्सक डॉ. एस के वर्मा, डॉ. खुशबू अग्रवाल, डॉ. मुकेश कुमार जाट, डॉ. सौरभ कुमार शर्मा, डॉ. ज्योति, आयुष चिकित्सक डॉ. विष्णु , डॉ. रामकरण यादव, डॉ. अनीता शर्मा, एलएचवी सुरजीत कौर, नर्सिंग ऑफिसर प्रहलाद आर्य, ओमप्रकाश यादव, फार्मासिस्ट कुलदीप मीणा, वरिष्ठ नर्सिंग ऑफिसर सुभाष छिपी, एएनएम अनीता यादव, सुनीता बृजलता, नेत्र सहायक यामिनी त्रेहन , डाटा ऑपरेटर जयसिंह, श्री राम सिंह, लक्ष्मी, कुलदीप अग्रवाल, सरिता शर्मा, साधुराम, महेश, मातादीन आदि ने शिविर में अपनी सेवाएं दी।

स्वामी बालकानंद महाराज का जगह-जगह होगा स्वागत

चाकसू। प्रयागराज महाकुंभ में जयपुर सहित आसपास के जिलों में सिर्फ हरभांवता के अद्वैत आश्रम के संत स्वामी बालकानंद महाराजन को पिछले दिनों जूना अखाड़े के पीठाधीश्वर अवधेशानंद गिरि महाराज के निर्देशन में अखाड़े की धर्म ध्वजा के नीचे विधिवत पूजा अर्चना एवं माला पहनाकर उन्हें उन्हें महामंडलेश्वर की पदवी दी गई थी।

रमेश सेन हरभावता ने बताया कि बालकानंद महाराज 25 साल की उम्र (1995) में सांसारिक जीवन को छोड़कर संत बन गए थे। इसलिए बालकनाथ नाम पड़ा। शनिवार को ये हरभांवता आश्रम पर पहुंचेगे। इसे लेकर संत समाज और उनके अनुयायियों ने जगह-जगह स्वागत सम्मान की तैयारी की है। स्थानी बालकानंद का जन्म सवाई माधोपुर जिले के मिन्सुरा तहसील के गुगड़ोद गांव में एक किसान परिवार में हुआ था। इनको माता का नाम स्व. नुरुला देवी व पिता रामगोपाल हैं। महामंडलेश्वर का सांसारिक नाम मोतीलाल है। वे चार भाई-बहन थे। इनमें महाराज सबसे छोटे हैं। इनकी शुरू से ही धार्मिक कामों में रुचि थी। 25 वर्ष की उम्र में उन्होंने भक्ति का मार्ग अपना लिया था। हरभावता आश्रम में वे 1995 से संत हैं। आश्रम के संत स्वामी सेवानंद महाराज के शिष्य बन गए। हरभावत आश्रम में वे गोशाला भी चला रहे हैं। गोशाला में करीब 200 गोवंश है। हाल ही में गणतंत्र दिवस पर पशुपालन विभाग की ओर से अद्वैत आश्रम हरभावत में संचालित सेवानंद गोशाला समिति को सर्वश्रेष्ठ गो सेवा के लिए सम्मानित गया था।

मौनी अमावस्या पर संत बालकानंद महाराज ने अखाड़े से संगम तट तक रथयात्रा के साथ अमृत स्नान के बाद महामंडलेश्वर के महाकुंभ से लौटने पर भक्तों की ओर से गाजे- बजे से तैयारी की गई है।

किसान सेवा समिति ने बसों के संचालन की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

मालपुरा । कल्याण किसान सेवा समिति शाखा मालपुरा की और से केबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी को ज्ञापन सौंप डेढ दर्जन बंद पडे रूट पर बसो के संचालन की मांग की।

सौंपे गये ज्ञापन मे अवगत करवाया कि मालपुरा उपखण्ड क्षैत्र मे टोंक,दूदू व मालपुरा से आने वाली बस का रूट पूर्व मे डिग्गी, कुरथल, देशमा, देशमी, सदरपुरा होते हुये तो इसी प्रकार दूदू जाने वाली बस पचेवर, मलिकपुर, कुरथल, देशमा, देशमी वाया सदरपुरा मालपुरा इसी प्रकार मालपुरा से केकडी जाने वाली बस रिंडलिया बुजुर्ग, मांदोलाई, दांताजी, दतोब, संवारिया से केकडी, मालपुरा से टोडारायसिंह जाने वाली बस रिण्डलिया बुजुर्ग, मांदोलाई, पंवालिया, पथराज, भावंता, भासु होते हुये टोडा तो अजमेर रोड मालपुरा से

कल्याण किसान सेवा समिति ने केबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी को सौंपा ज्ञापन।

हाथगी, राजपुरा, कचोलिया, सोटवाडा, मोरला, थडी, नगर, आवडा, पचेवर होते हुई दूदू रूट पर वसुंधरा सरकार मे सुचारू था।

लेकिन पूर्ववृत्ति सरकार ने इन सभी रूटो पर चलने वाली बसो का संचालन बंद कर देने से आमजन खासे परेशान हो रहै है।

इन सभी 16 रूट पर पुनः बसो का संचालन कर आमजन को राहत पहुंचाने की मांग की।

- 16 रूट पर पुनः बसो का संचालन कर आमजन को राहत पहुंचाने की मांग की, मंत्री ने जल्द परिवहन मंत्री से मिल बताये गये रूट पर बसो के संचालन पर विश्वास दिलाया

मंत्री ने जल्द परिवहन मंत्री से मिल बताये गये रूट पर बसो के संचालन पर विश्वास दिलाया। ज्ञापन के दौरान कैलाश गुर्जर,जगदीश प्रसाद सहित बडी संख्या मे समिति सदस्य मौजूद रहै।

सार-समाचार

गौ सेवा कर मनाई वैवाहिक वर्षगांठ

श्रीमाधोपुर। कस्बे के बावड़ी आश्रम के एक वार्ड निवासी अपनी पांचवीं वैवाहिक वर्षगांठ को विशेष रूप से मनाते हुए गौ सेवा का आयोजन किया।गौ संचालक बनवारी लाल मीणा ने बताया कि उन्होंने अपनी धर्मपत्नी कंचन अग्रवाल व बेटी गुंजन अग्रवाल के साथ श्रीराम गऊ नंदीशाला हांसपुर में गायों को हरा रंजका खिलाकर सेवा कार्य किया।इस मौके पर उनके मित्रगण, परिजन एवं प्रबुद्धजन भी उपस्थित रहे, जिन्होंने उनके साथ गौसेवा में भाग लिया। सभी ने संवाददाता लक्की अग्रवाल और उनकी पत्नी को वैवाहिक वर्षगांठ की शुभकामनाएं देते हुए उनके सुखद दांपत्य जीवन की कामना की। इसी कड़ी में गौ सेवा रक्षक दल के सदस्यों ने कृष्ण आसीवाल के नेतृत्व में श्रीकृष्ण गौशाला, मऊ में गौ सेवा की। उन्होंने गायों को हरा चारा खिलाकर अग्रवाल की वैवाहिक वर्षगांठ को यादगार बनाया। इस अवसर पर संवाददाता एवं उनकी पत्नी का सम्मान किया गया। उन्हें माला पहनाकर और मोमेंटो भेंटकर शुभकामनाएं दी गईं। गौ सेवा के इस पुनीत कार्य को देखकर स्थानीय लोगों ने भी संवाददाता के इस प्रेरणादायक प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा कि समाज में इस प्रकार के सकारात्मक आयोजनों से गौ सेवा और धार्मिक भावनाओं को बढ़ावा मिलता है। गौशाला प्रबंधन ने भी लक्की अग्रवाल और उनकी धर्मपत्नी को शुभकामनाएं देते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया और भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन करने की प्रेरणा दी।

ग्राम पंचायत स्तर पर 5 से लगेंगे शिविर

पावटा। केंद्र सरकार की ओर से संचालित एग्रीस्टैक योजनांतर्गत जिले में फार्मर रजिस्ट्री अभियान के तहत तहसील क्षेत्र विराटनगर में ग्राम पंचायत स्तर पर 5 फरवरी से शिविर शुरू होंगे। विराट नगर उपखंड अधिकारी अमिता मान के अनुसार कृषि विभाग की ओर से संचालित एग्रीस्टैक योजनांतर्गत तहसील क्षेत्र विराटनगर में फार्मर रजिस्ट्री अभियान का आयोजन ग्राम स्तर पर 5 फरवरी से 30 मार्च तक किया जाएगा। जिसके अंतर्गत प्रथम सप्ताह 6 फरवरी से 8 फरवरी तक तहसील क्षेत्र विराटनगर की ग्राम पंचायत भामोद, किशनपुरा में द्वितीय सप्ताह 10 फरवरी, 12 फरवरी,14 फरवरी को तेवड़ी, नवरंगपुरा, आंतेला, पालड़ी में, तृतीय सप्ताह 17 फरवरी से 19 फरवरी तक बीलवाड़ी, लुहाकना कलां, पूरा वाला, आमलोदा दूदी, 24 से 27 फरवरी तक मेड, पापड़ा, भाबरू, बागावास अहिरान में 3 मार्च से 5 मार्च तक केरली, छीतोली, बड़ोदिया, जवानपूरा में 5 मार्च से 7 मार्च तक सोठाना, बागावास चौरासी, तालवा बिहाजर, जयसिंहपुरा में 10 मार्च से 12 मार्च तक बजरंगपुरा, गुर्जरपुरा, कुहाड़ा, जोधुला में 17 मार्च से 19 मार्च तक चतरपुरा, ढाणी गैसकान, विराटनगर नगरपालिका क्षेत्र में फार्मर रजिस्ट्री अभियान शिविर आयोजित होंगे। इसके तहत ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित शिविरों में किसानों की विशिष्ट फार्मर आईडी बनाई जाएगी। एसडीएम विराटनगर अमिता मान ने बताया कि अभियान के अंतर्गत प्रत्येक किसान को विशिष्ट फार्मर आईडी 11 अंकों की दी जाएगी। किसानों द्वारा आईडी बनवाने के लिए आधार कार्ड, जमाबंदी, मोबाइल नंबर की जरूरत होगी।

मातृ शक्ति सम्मेलन सम्पन्न

निवाई। भारतीय शिक्षा प्रचार समिति टोंक द्वारा संचालित उच्च प्राथमिक सरस्वती विद्या मंदिर में मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें बालकों के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया गया। मीडिया प्रभारी राजेशकुमार शर्मा ने बताया कि मातृ सम्मेलन में मुख्य वक्ता गोविन्दनारायण शर्मा ने कहा कि माता ही बालकों के भाग्य विधाता है वही उनके भाग्य को संवारती है। विद्या भारती विद्यालयों में राष्ट्रभक्ति से ओत प्रोत शिक्षा प्रदान की जाती है। जिससे बालकों का सर्वांगीण विकास हो सके। उन्होंने कहा कि माता ही बालक की प्रथम गुरु होती है। प्रधानाचार्य राजेंद्र टेलर ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ममता शर्मा ने कहा कि आज की नारी अबला नहीं सबला है नारी को आत्म निर्भर होते हुए अपनी जिम्मेदारी को निर्वहन करना है। विशिष्ठ अतिथि पण्डित मोहन शर्मा ने कहा कि हमारी संस्कृति सर्वश्रेष्ठ है भारत विश्व गुरु था और रहेगा। संपूर्ण विश्व भारत से अपेक्षा कर रहा है।

'विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने की दिशा में एक शानदार बजट'

मनोहरपुर । भाजपा विधायक प्रत्याशी उपेन यादव ने केंद्रीय बजट की प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने की दिशा में एक शानदार बजट पेश किया है। यह बजट युवा, गरीब, किसान, महिलाओं के साथ-साथ समाज के सभी वर्गों और क्षेत्रों के विकास को बढ़ावा देने वाला है। खासकर मिडिल क्लास के योगदान का ध्यान रखते हुए यह बजट अभूतपूर्व तोहफा लेकर आया है। बारह लाख रुपये तक की वार्षिक आय पर आयकर से राहत दिए जाने के निर्णय उत्साहजनक है।

मंदिर के नवनिर्माण में उमड़े श्रद्धालु

निवाई। श्री पार्शव नाथ दिगंबर जैन मंदिर पराना में नीव पुजन का कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। समाज के लोगो ने बताया कि नीव पुजन को लेकर मंदिर में विश्व शांति महायज्ञ का भी आयोजन हुआ। जहां भगवान की पूजा अर्चना की।

वार्षिकोत्सव मनाया

निवाई। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय मेहताबपुरा में वार्षिकोत्सव, भामाशाह सम्मान व पूर्वछात्र मिलन समारोह का आयोजन हुआ।

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य द्वारा प्लॉट नं. ई-126, स्वर्णकार कॉलोनी, पानीपेच, जयपुर में स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 206.66 वर्गगज है को क्रय किया जा रहा है। यह कि जे.डी.ए. द्वारा उक्त प्लॉट का पट्टा विलेख 19.03.2002 को ओंकार सिंह के नाम से जारी किया गया। ओंकार सिंह का स्वर्गवास 23.08.2017 को हो गया और उनकी पत्नी चन्दो देवी का स्वर्गवास 13.12.2020 को हो गया तथा उनके पुत्रान रमेश कुमार सोनी का स्वर्गवास 08.06.2012 को हो गया एवं राम सिंह सोनी का स्वर्गवास 20.10.2020 को हो गया तथा इनके स्वर्गवास के पश्चात उनके द्वारा छोडी हुई उक्त वर्णित सम्पत्ति में विमला सोनी उर्फ विमला बेन वर्मा पुत्री ओंकार सिंह, पार्वती सोनी पत्नी स्व. राम सिंह सोनी, हिमांशु सोनी, देवांशीष सोनी, आशुतोष सोनी पुत्रान स्व. राम सिंह सोनी व पूनम सोनी पत्नी रमेश कुमार सोनी, विशाल सोनी, माधुरी सोनी पुत्र/पुत्री स्व. रमेश कुमार सोनी उनके विधिक कानूनी उत्तराधिकारी व वारिसान हुए तथा उक्त सम्पत्ति में अपने-अपने हिस्से के संयुक्त रूप से मालिक, काबिज, स्वामी व अधिकारी हुए। तत्पश्चात विमला सोनी उर्फ विमला बेन वर्मा, हिमांशु सोनी, देवांशीष सोनी, आशुतोष सोनी, विशाल सोनी, माधुरी सोनी ने उक्त सम्पत्ति में अपने-अपने अविभाजित हिस्से का हक त्याग जरिये हक त्याग पत्र 31.12.2024 द्वारा पार्वती सोनी व पूनम सोनी के हित में त्याग कर दिया। इस प्रकार पार्वती सोनी व पूनम सोनी उक्त सम्पत्ति की संयुक्त रूप से मालिक, स्वामी, काबिज व अधिकारी हैं। पार्वती सोनी व पूनम सोनी द्वारा उक्त सम्पत्ति को किसी दीगर व्यक्ति को विक्रय किया जा रहा है। यह कि उक्त सम्पत्ति बाबत यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, बैंक, वित्तीय संस्था, सगे सम्बन्धी या अन्य कोई वारिसान, जनसाधारण इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति ऐतराज हो तो इस सूचना के प्रकाशन से सात दिवस की अवधि में मुझसे व्यक्तिगत रूप से मेरे निम्नलिखित ऑफिस पते पर अपनी आपत्ति/ऐतराज लिखित मय असल दस्तावेज सहित व्यक्त करें। उक्त अवधि गुजर जाने के पश्चात किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी तथा उक्त अवधि के पश्चात इस आम सूचना बाबत कोई भी आपत्ति/ऐतराज किसी भी न्यायालय में शून्य व निरस्त समझी जायेगी।
बी.सी. सांखला, एडवोकेट, मो. 9829063273

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 15/2025
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि श्री पंकज गौतम पुत्र श्री रामजी लाल गौतम निवासी सुन्दर पटेल की ढाणी, गंवार ब्रह्मणान, जयपुर-303905 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत मन्दिर श्री महादेव जी महाराज सेवा ट्रस्ट कार्यालय पता सुन्दर पटेल की ढाणी, गंवार ब्रह्मणान, तहसील सांगानेर जिला जयपुर ने राजस्थान के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भ